सरकूलर नं0 अपमा/2016–2018/241 दिनांक : 12–12–2017

"सुरक्षा के सन्दर्भ मे थानाध्यक्ष के साथ आपातकालीन बैठक"

आप सभी सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि सोमवार दिनांक 11–12–2017 को कश्मीरी गेट थानाध्यक्ष श्री देवेन्दर कुमार सिंह जी ने अपने कार्यालय में सुरक्षा के सन्दर्भ में एक आपातकालीन बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में कश्मीरी गेट की आर.डब्लू.ए. के प्रतिनिधि श्रो अभिमन्यु अरोड़ा जी एवं भुगड़ा जी ने भाग लिया। अपमा की तरफ से महासचिव श्री विष्णु भार्गव जी एवं कोषाध्यक्ष श्री विनय नारंग जी ने भाग लिया।

थानाध्यक्ष श्री देवन्दर कुमार सिंह जी ने कहा कि आने वाले समय में बहुत सर्दी होगी जिसके कारण मार्किट में सन्नाटा रहता है इसलिए मार्किट सुरक्षा हेतु पुख्ता इंतजाम करने होगें। इसके लिए व्यापारी भाई अपनी–अपनी मार्किट में कम से कम एक–एक चौकीदार अवश्य रखे उनको सीटी, डंडा, टॉर्च दे तथा उनको बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था करवायें तथा उनको सर्दी से बचने के लिए ओवर कोट दे। मार्किट में कम से कम सी.सी.टी.वी. कैमरे अवश्य लगवायें तथा जो कैमरे खराब है उनको ठीक करवायें ताकि सर्दियों में होने वाली चोरी, ताले टुटने जैसी वारदातों पर अंकुश लग सकें। इसके अलावा व्यापारी भाई अपनी दुकानों के समक्ष मार्किटों और गलियों में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था अवश्य करे। अपने शटर के बीच में भी एक ताले की व्यवस्था अवश्य कराए। अपने दुकानों के दरवाजों और शटर इत्यादि को अवश्य चैक कर लें, कहीं उन्हें मरम्मत की आवश्यकता तो नहीं है? यदि एसा है तो अवश्य ठीक करवाए और हो सके तो एक ओर कैंची गेट इत्यादि लगवाए।

यदि कोई व्यापारी भाई चौकोदारों क लिए सीटी, डंडा, कोट इत्यादि देना चाहते है वो अपमा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

मार्किट की सुरक्षा हेतु हम अपने उन व्यापारी भाईयों से पुनः अनुरोध करते है जिन्होंने अपनी दुकानों के अन्दर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये हुए है, वे एक–एक कैमरा अपनी–अपनी दुकानों के बाहर की तरफ भी अवश्य लगवायें एवं उनका कनेक्शन अन्दर की तरफ रखें तथा उसका बटन चालू रखे ताकि बाहर की होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा सकें।

''आपकी अपमा सदैव व्यापारी सुरक्षा में अग्रसर एवं तत्पर''

कृ0प0उ0.........2

सरकूलर नं0 अपमा/2016–2018/242

सूचनार्थ

आप सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि मै0 व्हीलमूवर्स (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड, 3487, निकल्सन रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006, की दुकान से लगभग 300 पीस Diesel Jeep Cross चोरी हो गये है, इन पीस पर ट्रेड मार्क (Mover) अंकित है। अतः आप सभी व्यापारी भाईयों से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त चोरी हुए माल की सूचना उन्हें मिले या कोई व्यक्ति इस माल को किसी दुकानदार भाई को बेचने की कोशिश करें तो उसकी जानकारी श्री वी.ए. दीवान जी (पूर्व प्रधान, अपमा) मै0 व्हीलमूवर्स (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड, 3487, निकल्सन रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006 के मोबाइल नं0 9810064798, 23922926, 23941674 पर सूचित करें। चोरी के माल को खरीदना व बेचना दोनो ही अपराध है। इसकी सूचना थानें में दर्ज करवा दी गयी है। इसके बारे में सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जायेगा।

(विष्णु भार्गव)
महासचिव